शॉपिंग मॉल के लिए खुदरा स्थानों की मांग बढ़ी

मुंबइ। देश के आठ प्रमुख शहरों में खुदरा विक्रेताओं की बेहतर मांग के कारण अप्रैल-जून में शॉपिंग मॉल के लिए खुदरा स्थानों की मांग सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 6.12 लाख वर्ग फुट हो गयी। आंकड़ों के अनुसार इन आठ प्रमुख शहरों में प्रमुख इलाकों में खुदरा स्थान की मांग कैलेंडर वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर करीब 14 लाख वर्ग फुट हो गयी है।

सात फीसदी गिरी यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री

नयी दिल्ली। जून में सालाना आधार पर भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट आयी। भीषण गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले लोगों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट इसकी बड़ी वजह बताई जा रही है। उद्योग निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुल यात्री वाहन पंजीकरण पिछले महीने 2,81,566 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 3,02,000 इकाई था।

कमजोर संकेतों से लुढ़का बाजार

मुम्बई, 11 जुलाई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आयी है। वहीं गुरुवार सुबह बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई पर कुछ समय बाद ही ये नीचे आने लगा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 27.43 अंक करीब 0.03 फीसदी नीचे आकर 79,897.34 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी भी 8.50 अंक तकरीबन 0.03 फीसदी टूटकर 24,315.95 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 शेयर लाभ के साथ ही उपर आकर बंद हुए। आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एसबीआई और टाइटन के शेयरों को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। वहीं टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, रिलायंस और जेएसडटल्यू स्टील के शेयरों में बढ़त रही। दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर लाल नुकसान के साथ ही बंद हुए। बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एनटीपसीसी, नेस्ले इंडिया और पावर ग्रिड सेंसेक्स के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

उत्तर मध्य रेलवे G20

निविदा सूचना सं. 4520242025 **निविदा सूचना** दिनांकः 08.07.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज** निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः पंप संख्या 94 के बदले में प्रयागराज स्टेशन क्षेत्र में पंप हाउस के साथ 01 अदद गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान।

क्र.सं.	ई निविदा सूचना सं.	अनुमानित लागत	अमानत राशि
1.	4520242025-117	₹ 34,26,822.94	₹ 68,500.00

कार्य का नामः (ए) विभिन्न स्थानों पर अस्थायी स्टेजिंग पर पीवीसी जल भंडारण टैंक प्रदान करना और ठीक करना (बी) नैनी, छिवकी, प्रयागराज और सुबेदारगंज स्टेशन पर कोच में पानी की सुविधाओं के लिए हाइड्रेंट पाइपलाइन का प्रावधान (सी) 14 अदद, डॉग केनेल का प्रावधान और 05 अदद नैनी, छिवकी, प्रयागराज और सुबेदारगंज स्टेशन पर मौजूदा डॉग केनेल की मरम्मत (डी) महाकुंभ मेला-2025 के दौरान प्रति घंटे के आधार पर मरम्मत और रखरखाव गतिविधियाँ।

क्र.सं.	ई निविदा सूचना सं.	अनुमानित लागत	अमानत राशि
2.	4520242025-118	₹ 2,63,88,173.67	₹ 2,82,000.00

उपरोक्त दोनो निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथिः 31.07.2024 को **15.00** बजे, **कार्य समापन की अवधिः** 06 माह एवं **कार्य की प्रकृतिः क्र.सं. 1 के लिए-** लागू नहीं एवं **क्र.सं.2 के लिए-** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **नोटः 1.** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 1202/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेल प्रशासन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल में रागौल-भरवा सुमेरपुर-यमुना साउथ बैंक स्टेशनों के मध्य डबलिंग कार्य तथा खैरार-भीमसेन सेक्शन के रागौल एवं यमुना साउथ बैंक स्टेशनों पर किये जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण विवरण निम्नवत् हैः

क्र. सं.	गाड़ी सं.	स्टेशन से स्टेशन तक	आवृत्ति	प्रारंभिक स्टेशन से निरस्तीकरण की तिथि
1	01802	कानपुर-मानिकपुर मेमू	प्रतिदिन	14.07.24 से 17.07.04
2	01801	मानिकपुर-कानपुर मेमू	प्रतिदिन	14.07.24 से 17.07.24
3	04144	कानपुर-खजुराहो	प्रतिदिन	14.07.24 से 17.07.24
4	04143	खजुराहो-कानपुर	प्रतिदिन	15.07.24 से 17.07.24
5	14110	कानपुर-चित्रकूट धाम कर्वी इंटरसिटी	प्रतिदिन	14.07.24 से 17.07.24
6	14109	चित्रकूट धाम कर्वी-कानपुर इंटरसिटी	प्रतिदिन	14.07.24 से 17.07.24
7	18203	दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस	सप्ताह में 2 दिन	16.07.2024
8	18204	कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस	सप्ताह में 2 दिन	17.07.2024
9	15205	लखनऊ-जबलपुर एक्स.	प्रतिदिन	15.07.2024
10	15206	जबलपुर-लखनऊ एक्स.	प्रतिदिन	16.07.2024

नोटः ट्रेनों के समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइटrailmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20 1212/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदने की विदेशी बैंकों में होड़

मुंबई, 11 जुलाई (ईएमएस)। यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदने के लिए दुनिया के कई बैंकों और कम्पनियों ने रुचि दिखायी है। बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए पश्चिम एशिया और जापान के कई बैंकों ने दिलचस्पी दिखाई है। साथ ही कई पीई कम्पनियों की भी यस बैंक पर नजर है। बाजार जानकारों का कहना है कि यह डील 8 से 9.5 अरब डॉलर की हो सकती है। हालांकि बैंक का कहना है कि अभी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए आरबीआई की ओर से कोई सैद्धांतिक मंजूरी नहीं मिली है। यस बैंक में एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक की 33.74 फीसदी हिस्सेदारी है। बैंक में एसबीआई की सबसे ज्यादा 23.99 फीसदी हिस्सेदारी है। सूत्रों के मुताबिक यस बैंक में 51.69 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की होड़ में फर्स्ट अबु धाबी बैंक पीजेएससी, मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप और सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप सबसे आगे हैं।

डीआरडीओ ने सात नयी परियोजनाओं को दी मंजूरी

रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में उद्योगों को बढ़ावा देना परियोजनाओं का उद्देश्य

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 11 जुलाई। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों और एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्रों की विभिन्न जरूरतों के लिए प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत उद्योगों को सात नयी परियोजनाएं प्रदान की हैं। इन प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास से सैन्य औद्योगिक इकोसिस्टम मजबूत होगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन सात परियोजनाओं में स्वदेशी परिदृश्य और सेंसर सिमुलेशन टूलकिट-इस परियोजना में वास्तविक परिदृश्यों में पायलटों के सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए एक स्वदेशी टूलकिट का विकास शामिल है। इससे पूर्ण मिशन योजना और भारी बल भागीदारी में मदद मिलेगी। यह परियोजना स्टार्ट-अप, ऑक्सीजन 2 इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा को दी गयी है। अंडर वाटर प्रक्षेपित मानवरहित हवाई वाहन- यह परियोजना बहुमुखी समुद्री युद्ध क्षेत्र सहायक उपकरण से संबंधित है जिसे युद्ध की कई भूमिकाओं में तैनात किया जा सकता है। इसका उद्देश्य खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) तथा समुद्री डोमेन जागरूकता (एमडीए) है। डिटेक्शन और न्यूट्रेलाइजेशन के लिए लम्बी दूरी का रिपोर्ट चालित वाहन-ये वाहन दोहरे उपयोग वाली प्रणालियों, जो प्रमुख परिसम्पत्तियों को संदिग्ध परिचालन क्षेत्र से दूर रखते हुए

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत होगी परियोजना

पानी के नीचे की वस्तुओं का पता लगाने, उन्हें वर्गीकृत करने, उनका स्थान निर्धारित करने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम होंगे। विमान के लिए आईस डिटेक्शन सेंसर का विकास-इस परियोजना का उद्देश्य उड़ान के दौरान बर्फ जमने की स्थिति का पता लगाना है, जो सुपर कूल्ड पानी की बूंदों के कारण होती है और विमान की बाहरी सतहों से टकराने के बाद जम जाती है। इन्हें विमान द्वारा विमान में एंटी-आइसिंग मैकेनिज्म को चालू करने के लिए उपयोग किया जाता है। एक्टिव एंटीना ऐरे सिम्युलेटर के साथ रडार सिग्नल प्रोसेसर का विकास-यह परियोजना छोटी दूरी की हवाई हथियार प्रणालियों के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए विविध लक्ष्य प्रणाली की तैनाती को सक्षम बनायेगी। यह बड़ी रडार प्रणालियों के लिए बुनियादी निर्माण ब्लॉक के रूप में कार्य करेगी। भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली आधारित समय अधिग्रहण और प्रसार प्रणाली का विकास-इस परियोजना की एकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु को मंजूरी दी गयी है। इसका उद्देश्य समय अधिग्रहण और प्रसार प्रणाली के स्वदेशीकरण को सक्षम करना, समय प्राप्त करने के लिए भारतीय नक्षत्र का उपयोग करना तथा रेंज आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित एवं लचीली समय प्रणाली का विकास करना है। बहु-कार्यात्मक वियरेबल अनुप्रयोगों के लिए ग्राफीन आधारित स्मार्ट और ई-टेक्सटाइल का विकास-कोयंबटूर के स्टार्ट-अप एलोहाटेक प्राइवेट लिमिटेड को इस परियोजना के लिए मंजूरी दी गई है। यह ग्रेफीन नैनोमटेरियल और कंडक्टिव स्याही का उपयोग करके कंडक्टिव यार्न और फैब्रिक बनाने की प्रक्रिया विकसित करेगी। इसका परिणाम उन्नत नैनोकंपोजिट सामग्री-आधारित ई-टेक्सटाइल होगा जिसमें व्यावहारिक कपड़ों के अनुप्रयोगों के लिए बुनियादी लाभों का उपयोग किया जायेगा।

संरक्षा, समयपालनबद्धता और स्वच्छता पर रेलवे का जोर

नयी दिल्ली, 11 जुलाई। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बड़ौदा हाउस में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। रवनीत सिंह बिट्टू ने संरक्षा, समयपालनबद्धता के साथ-साथ अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम और एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) योजना का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं जैसे उधमपुर -श्रीनगर- बारामुला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) और ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना का भी जायजा लिया। 272 किलोमीटर की यूएसबीआरएल परियोजना में से 209 किलोमीटर पहले से ही चालू है। उन्होंने कहा कि हर मौसम में उपलब्ध रहने वाला रेल सम्पर्क जम्मू-कश्मीर के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और माल, खासकर फलों और उत्पादकों के लिए सस्ता परिवहन उपलब्ध होगा, जिससे व्यापार और आवगमन में सुधार होगा। महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा उत्तर रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे में मंत्री जी को अवगत कराया। बैठक में अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

समीक्षा करते रवनीत सिंह बिट्टू और शोभन चौधरी।

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में लांच करेगी स्मार्टफोन

नयी दिल्ली, 11 जुलाई। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश किया है। इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लांच करेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ़्टवेयर तकनीके शामिल हैं। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने कहा कि हमारे ग्राहक बेहतरीन प्रोसेसर, बेहतरीन कैमरा तकनीक और अपने रेंज में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ बेहतरीन तरीके से डिजाइन किये गये स्मार्टफोन का अनुभव करेंगे।

दक्षिण कोरिया में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के 31 हजार कर्मचारी हड़ताल पर

सियोल, 11 जुलाई (ईएमएस)। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के श्रम संघ से जुड़े कर्मचारियों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कम्पनी के ये कर्मचारी उच्च वेतन और अन्य लाभों की मांग कर रहे हैं। नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन के हजारों सदस्यों ने सोमवार को अस्थायी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की थी।

कर्मचारी उच्च वेतन और अन्य लाभों की मांग कर रहे

यूनियन ने कहा कि वह अनिश्चतकालीन हड़ताल की घोषणा कर रही है, यूनियन ने प्रबंधन पर बातचीत को लेकर अनिच्छुक होने का आरोप लगाया है। यूनियन के बयान में कहा गया है कि हम अपनी जीत को लेकर आश्वासित हैं। इस बीच सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि हड़ताल उत्पादन में कोई बाधा नहीं आयेगी और वे बातचीत को तैयार हैं। सैमसंग के एक बयान में कहा गया कि सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यह सुनिश्चित करेगा कि उत्पादन श्रृंखला में कोई व्यवधान न हो। यूनियन के साथ सदभावपूर्ण वार्ता के लिए कम्पनी प्रतिबद्ध है। वहीं जानकारों का कहना हैं कि सैमसंग की हड़ताल से पूरी दुनिया में बुरा असर पड़ सकता है। द नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन ने बताया कि हफ्ते की शुरुआत में सेमीकंडक्टर डिवीजन में काम करने वाले करीब छः हजार कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की थी। अब इसमें लगभग 31 हजार लोग शामिल हो चुके हैं।

एयर इंडिया और विस्तारा करेगी 700 कर्मचारियों की छंटनी

मुंबई, 11 जुलाई । एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस में कम से कम 700 कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है। एयरलाइंस के दो अधिकारियों के मुताबिक इसकी आधिकारिक घोषणा इस साल अक्टूबर तक होने की संभावना है। दोनों एयरलाइंस के बहुप्रतीक्षित मर्जर ने कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटका दी है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि इसमें रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे कर्मचारी और फिक्स्ड टर्म कांटैक्ट वाले कर्मचारी शामिल नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 18 हजार कर्मचारियों वाले एयर इंडिया का विस्तारा के साथ मर्जर होने वाला है। इसके लिए मर्ज की गयी यूनिट में करीब छः हजार विस्तारा कर्मचारियों को समायोजित करने की आवश्यकता होगी। एक अधिकारी ने कहा कि आंतरिक फिटमेंट प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही छंटनी का ऐलान किया जायेगा। निश्चित अवधि के अनुबंध वाले कर्मचारियों और जल्द ही रिटायर होने वाले कर्मचारियों को छोड़कर एयर इंडिया और विस्तारा दोनों के करीब 700 कर्मचारियों की छंटनी होने की उम्मीद है।

बिहार के किसानों और कृषि क्षेत्र को केन्द्र देगा हर संभव सहायता

बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे ने की शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 11 जुलाई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार को कृषि क्षेत्र के हित में हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन देते हुये कहा है कि राज्य के किसानों को केंद्रीय स्तर पर किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जायेगी। साथ ही श्री चौहान ने जोर देकर कहा है कि देश में कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों को एक टीम के रूप में काम करना चाहिए।

केंद्र और राज्य को मिलकर करना होगा टीमवर्क

मालूम हो कि देश में कृषि क्षेत्र की तीव्र प्रगति के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यवार चर्चा शुरू की है, जिसके तहत यहां बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने बिहार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत आवंटित धनराशि की समीक्षा करने का आश्वासन दिया तथा इस संबंध में नये प्रस्ताव मांगे। साथ ही चौहान ने खरीफ सीजन के लिए बीजों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा रबी सीजन के बीजों की आपूर्ति के लिए शीघ्र योजना बनाने के लिए भी समीक्षा करने का आह्वान किया। चौहान ने बिहार के मंगल पांडे से कृषि मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों को केंद्रीय स्तर पर किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों को एक टीम के रूप में काम करना चाहिए और समन्वित तरीके से समाधान तलाशना चाहिए। बिहार के कृषि मंत्री ने राज्य में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया और आश्वासन दिया कि वे केवीके के कामकाज की समीक्षा करेंगे। पांडे ने राज्य में मक्का और मखाना की उत्पादन क्षमता पर प्रकाश डाला और इसे साकार करने के लिए केंद्र से सहयोग का आह्वान किया।

आरबीआई ने बैंकों को इंटरनल खातों के दुरुपयोग को लेकर दी चेतावनी

नयी दिल्ली, 11 जुलाई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को इंटरनल खातों के दुरुपयोग को लेकर चेतावनी जारी की है। इन खातों का उपयोग धोखाधड़ी और लोन चुकाने की अवधि बढ़ाने (एवरग्रीनिंग) में किया जा रहा है। आरबीआई ने पाया है कि कुछ बैंकों में बिना किसी वजह के बहुत सारे इंटरनल खाते हैं और इनका गलत कामों में उपयोग हो रहा है। आरबीआई ने बैंकों से इन खातों को कम कर सिर्फ जरूरी खातों को ही रखने को कहा है। साथ ही कहा है, बैंक इन खातों पर बेहतर नियंत्रण रखें, नियमित जांच करें और बोर्ड की ऑडिट समिति को रिपोर्ट दें। बैंक मिले जिनके पास लाखों की संख्या में आंतरिक खाते हैं, जिनका कोई स्पष्ट कारण नहीं है।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति जसवन्तनगर (इटावा)

पत्रांक–कृ०उ०म०स०/2024–389 दिनांक 10.7.2024

कैन्टीन ठेका नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, जसवन्तनगर (इटावा) के जलपान गृह (कैन्टीन) का ठेका वित्तीय वर्ष 2024–25 (कैन्टीन चलाने का ठेका स्वीकृत अवधि से 31.03.2025) के लिए उठाया जाना है। जिसके लिए दिनांक–12–7–2024 के अपरान्ह 05.00 बजे तक रू0 250.00 एवं उस पर देय जी०एस०टी० सहित नकद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नीलामी बोली मण्डी समिति, जसवन्तनगर कार्यालय में दिनांक–24–7–2024 को दोपहर 01.00 बजे होगी। प्रतिभूति की राशि रू0 25000.00 (पच्चीस हजार) की बैंक गारण्टी/ एफ०डी०आर० सचिव मण्डी समिति, जसवन्तनगर के पक्ष में बंधक कर आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करनी होगी। जलपान गृह (कैंटीन) ठेके की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी एवं देखी जा सकती है।

सचिव सभापति

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जसवन्तनगर (इटावा)

ANSHIKA MISHRA

आधार कार्ड में मेरी पुत्री अंशिका मिश्रा का नाम रश्मि छपा है जो कि गलत है (INCORRECT) है। वस्तुतः पुत्री का सही नाम अंशिका मिश्रा ' है अतः भविष्य सभी कार्यो में अंशिका मिश्रा नाम ही वैध होगा। दिनेश मिश्रा (पिता) ग्राम सोनावा (SONAWA) सुल्तानपुर , उ. प्र.222301

चुनाव के कारण मकानों की बिक्री में गिरावट

मुंबई, 11 जुलाई (ईएमएस)। देश के शीर्ष आठ शहरों में मकानों की बिक्री में अप्रैल-जून में पिछली तिमाही की तुलना में छः प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। एक फर्म ने गुरुवार को आवासीय मांग और आपूर्ति के तिमाही आंकड़े जारी किये। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में आवासीय बिक्री छः प्रतिशत कम होकर 1,13,768 इकाई रह गयी, जबकि इसके पहले जनवरी-मार्च तिमाही में यह 120,642 इकाई थी। हालांकि अप्रैल-जून में आवासीय बिक्री 42 प्रतिशत बढ़ी, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 80,245 इकाईयां बिकी थीं। फर्म के जानकारों ने कहा कि आम चुनाव के कारण अप्रैल-जून में मकानों की मांग में कमी आयी है।

पीएफ अकाउंट में 23 के बाद आयेगा ब्याज का पैसा!

नयी दिल्ली, 11 जुलाई । ईपीएफओ की तरफ से फरवरी 2024 में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रॉविडेंट फंड पर लगने वाली ब्याज दर को बढ़ाने की घोषणा की गयी थी। ईपीएफओ ने पिछले साल की 8.15 फीसदी की ब्याज दर को 2023-24 के लिए बढ़ाकर 8.25 फीसदी कर दिया है, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 का ब्याज नहीं दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार की तरफ से ईपीएफ पर मिलने वाला ब्याज बजट 23 जुलाई के बाद ट्रांसफर किया जा सकता है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ईपीएफ के सदस्यों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्याज लेकर सवाल पूछा गया था।

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालयः-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।

शाखा कार्यालयः– भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा,कानपुर–208012

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स 2002 के नियम 8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	करन लाल राजपूत(कर्जदार) मनीज (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या– LHKAN00001345904	प्लाट स्थित आराजी नं. 253 का भाग रावतपुर कानपुर नगर ना कानपुर उत्तर प्रदेश–208019	रू. 19,27,480/– जून 24,2024	रू. 29,42,280/– रू. 2,94,230/–	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह–11.00 बजे अपरान्ह–03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह–2.00 बजे अपरान्ह–03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट **(URL Link-https://BestAuctionDeal.com)** हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **अगस्त 13, 2024** तथा **अपरान्ह–5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा,कानपुर–208012** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपरान्ह 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा,कानपुर–208012** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपरान्ह 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड–आवशन** के पक्ष में **कानपुर** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड–** स्थान **कानपुर** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांकः जुलाई 12, 2024 **अधिकृत अधिकारी**

स्थानः कानपुर। **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)

"विकास भवन" जी०टी० रोड, कानपुर नगर - 208002

ई-निविदा प्रणाली के अंतर्गत निविदा सूचना

जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) कानपुर नगर हेतु मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा पोर्टल (https://etender.up.nic.in) पर दिनांक 13.07.2024 से दिनांक 20.07.2024 को 14:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। पोर्टल पर निविदा के साथ अग्रिम जमानत धनराशि एफ०डी०आर० के रुप में एवं निविदा शुल्क की डी०डी० की प्रतिलिपि अपलोड की जानी है। डाली गयी ई-निविदा का पोर्टल से प्रिन्ट कराकर मूल एफ०डी०आर० एवं डी०डी० के साथ संलग्न कर दिनांक 20.07.2024 को 16:00 बजे तक जमा की जा सकती है। कार्य का विवरण एवं निविदा की सम्पूर्ण नियम व शर्ते पोर्टल (https://etender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है। ई-निविदा समिति को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा एवं शर्तय